## खबर संक्षेप



### बाइक भिड़ंत से ससुर दामाद को गंभीर चोट

**सरसींवा।** सरसींवां थानाक्षेत्र में दो मोटर साईकिल की भिड़ंत में ससुर दामाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। दुर्घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कोसिर थाना अंतर्गत दाहिदा निवासी झाड़ू राम भारती उम्र 35 वर्ष अपने ससुर दाता राम को अपनी बाईक में बिठाकर रायकोना से सरसीवा की तरफ जा रहा था। इसी दरमियान रायकोना निवासी नीलकंठ पिता देवनारायण साहू अपने मोटर सायकल से अपने घर रायकोना की ओर जा रहा था। रास्ते में मुड़पार सोसायटी के पास आमने सामने दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ससुर दामाद को गंभीर चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए सरसीवा भेजा। जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय सारंगढ़ रैफर किया गया है।

### अयांश ने जीता अबेकस चैंपियनशिप का खिताब

**सरसीवा।** सरसीवा के व्यवसायी राहुल अग्रवाल के सुपुत्र अयांश अग्रवाल ने अबेकस लिसनिंग में पहला स्थान व विजुअल में 5 वां स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 29 जून को रायगढ़ के अग्रोहाधाम में हुई थी, जिसमें प्रदेश के अलग अलग स्थानों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। सरसीवा नगर पंचायत से इस प्रतियोगिता में 7 बच्चो ने हिस्सा लिया था और सभी बच्चों ने अवार्ड लाकर ग्रामीण बैंक शाखा सरसीवा को गौरवान्वित किया हैं। वहीं सरसीवा के अग्रवाल समाज के साथ साथ अयांश के इस उपलब्धि से खुश होकर परिजनों शिक्षकों और मित्रों ने भी बधाई दी है।



### आईसीडीएस की पीओ पद पर पदस्थ हुई हरिप्रिया

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र में स्थापित एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में परियोजना अधिकारी के पद पर इन दिनों हरिप्रिया पटेल पदस्थ हुई है। जबकि इसके पूर्व लंबे समय तक उक्त कार्यालय का कामकाज प्रभारी परियोजना अधिकारी के जरिये आगे बढ़ता था। जानकारी के मुताबिक हरिप्रिया पटेल कई दशकों पूर्व यहीं पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थ थीं इसलिए समूचे पुसौर क्षेत्र के नब्ज को बखुबी पहचानती है। अपने कार्यालय के संबंध में परियोजना अधिकारी पटेल ने बताया कि स्टाफ की कमी है यहां लिपिक के रिटायरमेंट के बाद लिपिक भी नए पदस्थ हुए हैं और प्यून की भी कमी है जिसका नियुक्ति अनुकम्पा नियुक्ति के जरिए होनी है जिसे लगभग साल भर होने की बात सामने आया है।

### 16 को दिव्यांग संघ का विधानसभा घेराव

**घरघोड़ा।** दिव्यांग संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन उनकी मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में आने वाले 16 जुलाई को संघ विधानसभा का घेराव करने की तैयारी में है। बता दें कि संघ के हड़ताल को 120 दिन हो चुके हैं। दिव्यांगजन को समाज का अंतिम सदस्य के रूप में देखा जाता है, मगर सरकार चाहे किसी की भी हो उनकी कोई खोज खबर नहीं करता। दिव्यांगो के लिए सरकारी योजनाओं का भी बुरा हाल है।

### नैनो डीएपी किसानों के लिए मजबूत विकल्प

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। खरीफ 2025 के दौरान डीएपी डाय अमोनियम फॉस्फेट की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने इसके व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण एवं वितरण की विशेष व्यवस्था की है।

डॉ.अंजली निराला व स्वास्थ्य टीम के प्रयास से मरीज स्वस्थ

# सीएचसी दुलदुला के स्वास्थ्य टीम मरीज के शारीरिक निष्क्रियता को दूर करने में रहे सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजली निराला के प्रयास से दुलदुला विकासखण्ड के जतराटोली निवासी 59 वर्षीय नोवास मिंज निरंतर भौतिक चिकित्सा से आज पूर्णतः शारीरिक रूप से सक्षम है।

सहायक उप निरीक्षक के पद पर जिला बीजापुर में कार्यरत दुलदुला विकासखण्ड के जतराटोली निवासी 59 वर्षीय नोवास मिंज फरवरी 2023 में शरीर के बांये भाग मे कमजोरी व आंशिक निषक्रियता के कारण गिरने के चोट आयी जिसका उपचार जिला चिकित्सालय बीजापुर में किया गया। उपचार उपरांत मरीज अपने गृह ग्राम जतराटोली, दुलदुला आ गये। समय के साथ उनके के शरीर का बायां भाग (बायें हाथ से बायें पैर तक) निष्क्रिय व शिथिल होने लगा। जिस कारणवश उपचार हेतु उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुलदुला में भेजा गया। जहां गैर संचारी रोग के विकासखंड नोडल अधिकारी सह चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश्वर मानिक के द्वारा नोवास मिंज के जंच मे पाया गया कि उन्हे उच्चरक्तचाप एवं पक्षाघात (लकवा) रोग से ग्रसित पाया गया। मरीज को गैर संचारी रोग पोर्टल में पंजीकृत कर मार्च-2023 से उपचार आरंभ करते हुये उच्चरक्तचाप व लकवा के उपचार हेतु आवश्यक औषधियाँ निःशुल्क प्रदाय की गयी। उपचार के क्रम में मरीज नोवास मिंज के शारिरिक निष्क्रियता को दूर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखाभाल कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में संचालित भौतिक चिकित्सा केंद्र (फिजियोथेरेपी युनिट) की प्रभारी डॉ देवकी सिंह (फिजियोथेरेपिस्ट) को मरीज को आवश्यक भौतिक चिकित्सा हेतु निर्देशित किया गया। डं देवकी सिंह ने निरंतर भौतिक चिकित्सा से मरीज नोवास मिंज आज पूर्ण रूप से शारिरिक रूप से सक्षम है।

जिसके लिये उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुखिया सहित उपचार करने वाले चिकित्सकों को धन्यवाद व सादर आभार व्यक्त किया है।







# आज से 20 दिवसीय नृत्य कार्यशाला प्रारंभ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़िया क्लाउड एवं सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा नगर के किशोर और युवा व गृहिणियों के लिए 20 दिवसीय नृत्य कार्यशाला का आयोजन 12 जुलाई से किया जा रहा है।

कार्यशाला में भरतनाट्यम एवं वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में यह प्रशिक्षण मनीषा भगत के द्वारा प्रदान किया जाएगा। मनीषा एशिया के प्रथम संगीत, कला के रूप में मान्यता प्राप्त इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से भरतनाट्यम में स्नातक और स्नातकोत्तर तक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है साथ ही उन्होंने राज्य के अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों में अपनी सेवा प्रदान की है। मनीषा ने कई बड़े मंच पर अपनी प्रस्तुतियां दी हैं।

कार्यशाला में छात्रों को शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं, आसन, भाव आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा इसके साथ ही वेस्टर्न डांस में भी गति, भाव, शरीर संचालन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा

### कार्यशाला संस्था के अभ्यास कक्ष पुरानी टोली में होगी

इस नृत्य कार्यशाला का प्रशिक्षण संस्था के अभ्यास कक्ष पुरानी टोली दिया जाएगा। कार्यशाला पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र भी संस्था के द्वारा प्रदान किया जायेगा तथा संस्था के साथ समय समय पर कार्यक्रमों में प्रस्तुति करने का भी मौका मिलेगा।

# चालक को दी तालिबानी सजा : ट्रैक्टर ड्राइवर को खंभे से बांध मारते रहे आरोपी, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मामूली सड़क विवाद के बाद सात लोगों ने मिलकर एक ट्रैक्टर चालक को लोहे के खंभे से बांधकर बेरहमी से पिटाई की। घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना 7 जुलाई की सुबह लगभग 8.30 बजे की है। प्रार्थी संतोष साहू 40 वर्ष निवासी ग्राम पवनी, ट्रैक्टर लेकर कार्य पर निकला था। उसी दौरान सारंगढ़ की दिशा से एक पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 22 एई 5939 तेजी और असंतुलित तरीके से चलती हुई आई और ट्रैक्टर के दाहिने हिस्से से टकरा गई, जिससे ट्रैक्टर के डाले का दरवाजा खुल गया और पीकअप को हल्की खरोंच आ गई। टक्कर मामूली थी, लेकिन पीकअप में सवार गुड्डू कर्ष और धनीराम केवट ने संतोष साहू से एक लाख रुपये की मांग करते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोपियों ने संतोष को पकड़ा, मारपीट की, फिर गमछे से बांधकर जगदीश साहू के ढाबे के सामने एक लोहे के पाइप खंभे से बांध दिया और मां बहन की अश्लील गालियां देते हुए हाथ, मुक्का, थप्पड़ से पिटाई करते रहे। सभी आरोपी बलौदाबाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। गिरफ्तारियों के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



### ये हैं आरोपी

हेमन्त नीकी कृष्णा पिता सुकलाल कर्ष 33 वर्ष, धनीराम केवट पिता छबिलाल केवट 63 वर्ष, दिलीप केंवट पिता धनीराम केवट 38 वर्ष, छोटेलाल केंवट पिता धनीराम केवट 30 वर्ष, राकेश नायक लल्ला कर्षर पिता सुकलाल कर्ष 27 वर्ष, विजय केंवट पिता गोविंदराम केंवट 23 वर्ष, रामभरोस केंवट पिता रामकुमार केंवट 34 वर्ष।

# कलेक्टर ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए की जर्जर भवन में स्कूल की कक्षाएं संचालित नहीं होने चाहिए। इसके लिए कोई वैक्लिपक व्यवस्था बनाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मरम्मत योग्य शाला भवनों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूलों का सतत रूप से दौरा करने के निर्देश दिए ताकि शिक्षण संबंधी गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित हो। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, जिला रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने स्कूल और स्कूल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया और कहा कि बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए सर्तकता बरतते हुए परिसर को स्वच्छ और सुंदर रखे। आपात स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाएं और उच्चाधिकारियों की इसकी सूचना दें। कलेक्टर ने स्कूल संबंधी गतिविधियों विनोबा ऐप पर दर्ज करने और लगातार अपडेट रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने युक्तियुक्त के उपरांत पदभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने शाला प्रवेश उत्सव के संबंध में कहा कि इसका आयोजन शासन के निर्देश का पालन करते हुए करें। इसके साथ ही उन्होंने निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, सरस्वती साईकल योजना के तहत निःशुल्क साईकल वितरण, खेल सामग्री वितरण के संबंध में जानकारी ली और शासन के तय मापदंडों का पालन करते हुए वितरण के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर रोहित व्यास ने लंबित पेंशन प्रकरणों, निलंबन और विभागीय जांच की जानकारी ली और तय समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकीय कार्य के साथ मल्टी लेवल मार्केटिग कार्य करने वाले और मद्यपान कर स्कूल आने शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिक छात्र दर्ज संख्या वाले विद्यालय जहां एलपीजी गैस का उपयोंग भोजन बनाने में नहीं हो रहा है वहां जल्द इसे लागू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत स्कूलों में पौधारोपण की जानकारी ली और इसे प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधे के साथ ट्री गार्ड भी लगाएं, ताकि इसकी सुरक्षा हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा के अधिकार के नियमानुसार गरीबों बच्चों को निजी विद्यालयों में एडमिशन कराना सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण-पत्र हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



- युक्तियुक्तकरण के उपरांत पदभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश
- स्कूलों की नियमित साफ-सफाई कराने किया निर्देशित

# डेंगू के लक्षण एवं उपायों के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और डेंगू जैसी बीमारियाँ भी पानी जमा होने से हो सकती हैं। इससे बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए और साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। डॉ टीजी कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू वेक्टर जनित रोग है। प्रायः लोगों को यह नहीं मालूम होता है कि यह डेंगू रोग किस कारण से होता है और इनके लक्षण क्या-क्या है और इनके स्त्रोत क्या-क्या है।

डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडिस एजिप्टी मच्छर के काटने से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में संक्रमण होता है। संक्रमित एडिस मच्छर के अण्डे भी संक्रमित हो जाते है। पानी के संपर्क में यह अण्डा विकसित होकर व्यस्क मच्छर बन जाता है एवं संक्रमण फैलाते है। ये मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पैदा होते है और ये दिन के समय काटते है। जनसामान्य अपने अपने घर, आंगन, परिसर के आस पास, कार्यालय या अन्य स्थानों पर जमा हुआ पानी को तत्काल निस्तारी करें।



# कलेक्टर ने बच्चे से पूछा- पुष्कर क्यों प्रसिद्ध है, बाद में स्वयं जवाब दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे सारंगढ़ विकासखंड के दौरे में रहे। उन्होंने एक बच्चे से पूछा कि क्या नाम है, बच्चे ने बताया पुष्कर, पुष्कर क्यों प्रसिद्ध है यह भी कलेक्टर ने पूछा। बाद में स्वयं कलेक्टर ने बताया कि पुष्कर एकमात्र स्थान है, जहां ब्रम्हदेव का मंदिर है।

इसके अलावा स्वामी आत्मानंद स्कूल सारंगढ़ के 12वीं के विद्यार्थियों से विषय शिक्षकों की कमी के बारे में जानकारी लेकर शिक्षक व्यवस्था के लिए प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों के शैक्षणिक स्तर की जानकारी लेकर उन्हें निर्देशित किया कि समन्वय कर भौतिकी और गणित पढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे गांव कोतरी के मलीय कीचड़ प्रबंधन इकाई गए जहां उन्होंने पौधरोपण किया और सरपंच सहित स्वसहायता समूह बिहान की महिलाओं से मुलाकात कर उनके कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे गांव रेड़ा के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किए, जहां उन्होंने स्कूली बच्चों से शब्द, अक्षर, दीवार में लिखे दिन के नाम, गिनती, पहाड़ा आदि पूछकर प्राथमिक स्कूल के बच्चों के ज्ञान को परखा, वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों से सौर ग्रह के ग्रहों के नाम, कौन बड़ा आदि पूछकर उनके ज्ञान स्तर को जांचा। कलेक्टर ने कहा कि दो तीन बच्चों के अलावा सभी बच्चों को भी यह ज्ञान होना चाहिए। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेड़ा के दवाईयों का चेककर वहां कार्यरत विनीता पटेल नर्स से आयुष्मान, टीबी मरीज, गर्भवती महिलाओं का चेकअप, संस्थागत प्रसव के बारे में जानकारी लेकर कहा कि प्रसव कक्ष में प्रसव कराएं।इसी प्रकार कलेक्टर ने गुड़ेली में एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया। इसके बाद डॉ. कन्नौजे ने कुंवरगुड़ा के प्राथमिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया और बच्चों से 6, 7, 8 का पहाड़ा पूछे, बच्चों ने पहाड़ा सुनाएं। कलेक्टर ने स्कूली ड्रेस कब दिए और मध्यान्ह भोजन में कल क्या खाएं थे, पूछे। बच्चों ने बताया कि कुछ दिन पहले स्कूली ड्रेस दिए हैं वहीं खाने में दाल और चना की सब्जी कल बनी थी। रसोईयां ने बच्चों के लिए खाना पकाए थे।



### समाजसेवी ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया

**सरिया।** नगर के शासकीय प्राथमिक शाला राजीव नगर में समाजसेवी भरत लाल अग्रवाल पिता स्व. किशन लाल अग्रवाल समाजसेवी ने स्कूली छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। इसका एक ही मंत्र है जब पढ़ेगा भारत तभी बढ़ेगा भारत।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

यात्रा श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ हुआ प्रारंभ

# राय 50 श्रद्धालुओं के साथ पदयात्रा करते बाबा धाम रवाना

**जशपुरनगर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार राय के नेतृत्व में 50 श्रद्धालुओं का एक भव्य जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर जलाभिषेक के लिए पदयात्रा पर रवाना हुआ। यह यात्रा श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। जत्थे ने रास्ते भर विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में दर्शन-पूजन कर वातावरण को और अधिक पावन बना दिया।

इस धार्मिक यात्रा का उद्देश्य न केवल बाबा बैद्यनाथ से आशीर्वाद प्राप्त करना था, बल्कि सामाजिक एकता, परस्पर सहयोग और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का विस्तार भी रहा। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने रास्ते में सफाई, सेवा और सहयोग के आदर्शों को भी अपनाया।



### स्थानीय लोगों ने जगह जगह किया स्वागत

पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। साथ ही जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। यात्रा शांति व,भक्तिपूर्ण के साथ सुरक्षित एवं सकुशल बाबा धाम पहुंचे।

### बाबाधाम की यात्रा आत्मिक शांति के साथ हमारे जड़ों से जोड़ती है

इस अवसर पर कृष्ण कुमार राय ने कहा, बाबा धाम की यह यात्रा न केवल आत्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। इस यात्रा में साथ चल रहे हर व्यक्ति की श्रद्धा, अनुशासन और सेवा भावना सराहनीय है।

### ये रहेंगे बाबाधाम की यात्रा में

यात्रा में उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, बबलू मिश्रा, अभय सोनी, आलोक राय, सुनील सोनी, सतीश जायसवाल, कनक चिंडालिया, सुनील अग्रवाल, दीपक चौहान, अमरकांत वर्मा, संजय सिन्हा, संजय जैन, आशुतोष राय, संजय सोनी, विजय सोनी, कमलेश सिन्हा, देवेन्द्र गुप्ता, ललित सिंह, संजय गुप्ता, रवि मिश्रा सहित अन्य कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411